DAINIK JAGRAN, Gorakhpur, 12.1.2021
Page No. 10, Size:(11.42)cms X (9.04)cms.

हाईस्पीड रेल कॉरिडोर से जुड़ेगी अयोध्या

जासं, ग्रेटर नोएडा : दिल्ली वाराणसी हाईस्पीड रेल कॉरिडोर से अयोध्या भी जुड़ेगा। कॉरिडोर के लिए रविवार से लाइट डिटेक्शन एवं रेंजिग सर्वे का काम शुरू हो चुका है। तीन से चार माह में सर्वे पूरा हो जाएगा। इससे एकत्र ब्योरे के आधार पर कॉरिडोर का एलाइनमेंट तय किया जाएगा।

सर्वे के लिए एरियल लिडार एवं इमेजरी सेंसर से लैस हेलिकाप्टर में रविवार को ग्रेटर नोएडा में पहली उड़ान भरी। दिल्ली-वाराणसी के बीच आठ सौ किमी लंबे कॉरिडोर के एरियल सर्वे से एलाइनमेंट के लिए सटीक ब्योरा मिलेगा। लेजर डाटा, जीपीएस डाटा व वास्तविक फोटोग्राफ की मदद से सटीक ब्योरा एकत्र किया जाएगा। साठ मेगा पिक्सल कैमरे से कॉरिडोर में आने वाले पेड़, ढांचागत संरचना आदि की स्थिति सामने आएगी।

आमतौर पर इस तरह के सर्वे में दस से बारह महीने का समय लगाता है लेकिन, सर्वे कार्य को तीन से चार माह में पूरा करने व सटीक ब्योरे एकत्र करने के लिए नेशनल हाईस्पीड रेल कारपोरेशन लिमिटेड ने लिडार तकनीक की मदद ली है।